>

Title: Need to construct bridges and roads at various places in Samastipur Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): आजादी के 64 वर्ष बाद आज तक बिहार के दरभंगा जिले के कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड के कुशेश्वर स्थान से तिलकेश्वर जाने वाली पथ में कोशी नदी के अजूबा घाट पर आर.सी.सी. पुल का निर्माण जनहित में अत्यावश्यक है। उक्त जिले के कुशेश्वर स्थान से वाया सुकराईन होते हुए गोलमा-तेगछा के पथ में ठहगछिया घाट पर आर.सी.सी. पुल एवं पथ का निर्माण आज तक नहीं हुआ, जो जनहित में अत्यावश्यक है। बिहार के दरभंगा जिले के कुशेश्वर स्थान से बरनिया होते हुए चौकिया ईटहरी कोशी नदी के बांध तक आर.सी.सी. पुल एवं पथ का निर्माण आज तक नहीं हुआ। चूंकि यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। अतएव मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उक्त पुल एवं पथ का निर्माण अविलम्ब कराया जाये।